पंजाब केसरी 01/05/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज ने नवचेतना मंच के साथ किया एकैडमिक सहयोग समझौता

अम्बाला, 30 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ने नवचेतना मंच, करनाल के साथ एक एकैडमिक सहयोग समझौता पत्र (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य कॉलेज के स्टार्टअप एंड इन्नोवेशन सैंटर के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार, करियर मार्गदर्शन और सामाजिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में ठोस अवसर प्रदान करना है।




गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में एकैडमिक सहयोग समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त और नवचेतना मंच के संस्थापक अध्यक्ष एस.पी. चौहान।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि उनका सदैव प्रयास रहा है कि जी.एम.एम. कॉलेज के विद्यार्थी केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि सामाजिक और व्यावसायिक रूप से भी सशक्त बनें। नवचेतना मंच जैसे अनुभवी और समर्पित संस्थान के साथ यह समझौता, उनके कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए नौकरी, इंटर्नशिप और स्किल डिवैल्पमैंट के नए रास्ते खोलेगा।

नवचेतना मंच के संस्थापक अध्यक्ष एस.पी. चौहान ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। यदि उन्हें सही मार्गदर्शन, अवसर और मंच मिले तो वे समाज में क्रांति ला सकते हैं।

जी.एम.एम. कॉलेज के साथ यह साझेदारी, केवल रोजगार तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक चेतना, नशा मुक्ति, स्वास्थ्य जागरुकता जैसे अभियानों से भी जोड़ेगी। इस अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ संकाय सदस्य श्याम रहेजा, डा. प्रबलीन कौर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।